## जनपद बिजनौर

**प्रेस नोट – थाना अफजलगढ** **दिनांक – 14.03.2025**

**थाना अफजलगढ पुलिस द्वारा दंपत्ति का खोया हुआ मुल्यवान सामान ढूंढकर अपनी कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया गया। दंपत्ति ने अपना कीमती सामान पाकर बिजनौर पुलिस का किया धन्यवाद**

**संक्षिप्त विवरण –**



आज दिनांक 14.03.2025 को अलीगढ निवासी दंपत्ति गाडी द्वारा अपने परिवार सहित थाना अफजलगढ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कादराबाद में रहने वाली अपनी रिश्तेदार (बहन) के पास होली मिलने के लिये आये थे। दंपत्ति उपरोक्त जब जसपुर तिराहे पर दुकान से फल लेने के लिये रुके तो उनके छोटे बच्चे द्वारा अंजाने में गाडी से लेडिज पर्स को नीचे गिरा दिया। उसके उपरान्त गाडी लेकर वहां से चले गये।

मौके पर गश्त कर रही स्थानीय पुलिस द्वारा सडक पर मिले लेडीज पर्स को कब्जे में लिया गया तथा पर्स को चेक किया गया तो पर्स मे सोने की ज्वैलरी लगभग 05 तोला व नकद एक हजार रुपये थे। स्थानीय पुलिस द्वारा पर्स मालिक की तलाश हेतु आसपास जानकारी व सीसीटीवी फुटेज आदि चेक किये गये तथा स्थानीय पुलिस द्वारा दंपत्ती को तलाश किया गया तथा पर्स को दिखाकर एवं सामान की जानकारी प्राप्त कर पर्स को दंपत्ति के सुपुर्द किया गया, जिससे दंपत्ति द्वारा खुश होकर बिजनौर पुलिस का धन्यवाद किया गया।

**बरामद सामान का विवरण –**

एक लेडीज पर्स जिसमें सोने की ज्वैलरी लगभग 05 तोला व नकद एक हजार रुपये।

**पुलिस टीम का विवरण –**

1- थानाध्यक्ष श्री सुमित राठी थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर।
2- उ0नि0 प्रवीण कुमार कस्बा प्रभारी थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर।
3- हे0का0 प्रदीप कुमार थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर।
4- हे0का0 कलीम अहमद थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर।
5- का0 विशाल मलिक थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर।
6- म0आरक्षी प्रियंका थाना अफजलगढ जनपद बिजनौर।

जनपद बिजनौर

प्रेस नोट–रिजर्व पुलिस लाइन दिनॉक 14.03.2025

## रिजर्व पुलिस लाइन्स, जनपद बिजनौर में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 14.03.2025 को रिजर्व पुलिस लाइन्स, जनपद बिजनौर में भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती रिया पत्नी श्री अभिषेक, पुलिस अधीक्षक जनपद बिजनौर, श्रीमती विम्मी बाजपेयी पत्नी श्री संजीव कुमार बाजपेयी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर/लाइन्स, श्रीमती वान्या सिंह अपर जिलाधिकारी पत्नी श्री संग्राम सिंह, क्षेत्राधिकरी नगर/लाइन्स एवं श्रीमती अल्का शर्मा पत्नी श्री अजय कुमार शर्मा, मुख्य अग्रिशमन अधिकारी जनपद बिजनौर उपस्थित रही।

उपरोक्त कार्यक्रम में पुलिस लाइन में रहने वाले पुलिस परिवार व बच्चो ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे के साथ रंग और गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा की तथा सभी ने सूक्ष्म जलपान किया। इस आयोजन ने पुलिस परिवार के बीच आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करने का कार्य किया। कार्यक्रम में शामिल बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बनता था।

जनपद बिजनौर

प्रेस नोट – थाना नूरपुर                     दिनांक – 14.03.2025

**थाना नूरपुर पुलिस ने मु0अ0सं0 94/2025 धारा 103(1) बीएनएस से सम्बंधित अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त चाकू सहित किया गिरफ्तार।**

**संक्षिप्त विवरण –**



दिनांक 14.03.2025 को वादी श्री ओमराज कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम धौलागढ थाना नूरपुर जनपद बिजनौर ने थाना नूरपुर पर तहरीर दी कि दिनांक 13/14.03.2025 की रात्रि में समय करीब 01.30 बजे वादी के पिता विनोद कुमार शराब पीकर घर आये तो वादी के भाई राहुल द्वारा उन्हे शराब पीने से रोका गया। इसी दौरान वादी के पिता ने जान से मारने की नियत से घर में रखे चाकू से राहुल की छाती पर बांयी तरफ वार कर दिये जिससे राहुल गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन राहुल को तत्काल सी0एच0सी0 नूरपुर लेकर गये, जहां चिकित्सकों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। मृतक राहुल के भाई की तहरीर के आधार पर थाना नूरपुर पर मु0अ0सं0 94/2025 धारा 103(1) बीएनएस बनाम विनोद कुमार पंजीकृत किया गया।

**कार्यवाही –**

थाना नूरपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उपरोक्त अभियोग से सम्बंधित अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र शिवचरन निवासी ग्राम धौलागढ थाना नूरपुर जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू (आलाकत्ल) बरामद किया गया। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –**

विनोद कुमार पुत्र शिवचरन निवासी ग्राम धौलागढ थाना नूरपुर जनपद बिजनौर

**बरामदगी का विवरण –**

घटना में प्रयुक्त चाकू (आलाकत्ल)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री रविन्द्र कुमार थाना नूरपुर जनपद बिजनौर
2. निरीक्षक अपराध श्री नरेशपाल सिंह थाना नूरपुर जनपद बिजनौर
3. व0उ0नि0 श्री उमेशचन्द्र थाना नूरपुर जनपद बिजनौर
4. उ0नि0 श्री पवन कुमार थाना नूरपुर जनपद बिजनौर
5. उ0नि0 श्री रामपाल सिंह थाना नूरपुर जनपद बिजनौर
6. का0 हरिओम थाना नूरपुर जनपद बिजनौर
7. का0 सिद्धान्त थाना नूरपुर जनपद बिजनौर